संपादकीय

चुनौतियों पर नजर

संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने गुरुवार को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की प्राथमिकताओं की एक झलक दे दी। कहने को राष्ट्रपति का अभिभाषण एक औपचारिकता है लेकिन इससे सरकार की आत्मछवि का एक अंदाजा मिल जाता है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सरकार के कुछ बड़े हालिया फैसलों और आगे की योजनाओं का जिक्र करते हुए देश के सामने एक खुशनुमा तस्वीर पेश की है। फील गुड का एहसास देते इस अभिभाषण से वह सुकून भी जाहिर होता है जो दूसरी पारी में मोदी सरकार को मिले असाधारण बहुमत से उपजा है। यह इस अर्थ में पॉजिटिव है कि इससे सरकार का वह बल, वह आत्मविश्वास परिलक्षित होता है जो कड़े कदम उठाने के लिए जरूरी है।

राष्ट्रपति ने किसानों की समस्याओं पर सबसे ज्यादा जोर देते हुए बताया कि कैसे उनकी सरकार किसान सम्मान योजना का दायरा छोटे किसानों से बढ़ाकर इसमें सभी किसानों को शामिल कर चुकी है। खेती में 25 लाख करोड़ रुपये निवेश करने का सरकार का इरादा भी यह बताता है कि कृषि संकट को वह किसी भी कीमत पर हल करना चाहती है। छोटे व्यापारियों की असुरक्षा और उनके जोखिमों का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि यह पहली सरकार है जिसने खुदरा दुकानदारों के लिए पेंशन की व्यवस्था की है। देश के तीन करोड़ लोगों को इसका फायदा मिलेगा।

राष्ट्रपति ने घर-घर पानी पहुंचाने से लेकर काले धन का उन्मूलन करने, ईज ऑफ डूइंग बिजनस को और बढ़ावा देने तथा भारत को दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कराने जैसे लक्ष्य सामने रखे। समस्या यह है कि इतने बड़े लक्ष्यों में जाहिर हो रहा इस सरकार का उत्साह फिलहाल देशवासियों के चेहरों पर नहीं नजर आ रहा। देश के किसान और नौजवान अभी जिन परेशानियों का सामना कर रहे हैं, उनसे उन्हें उबारना सरकार के स्तर पर असाधारण कौशल और प्रतिबद्धता की मांग करता है। योजनाओं पर सही ढंग से अमल सुनिश्चित करवाया जा सका तो इन वर्गों के साथ-साथ पूरा देश राहत की सांस लेगा। हालात बदलने के लिए सरकार की ओर से जो पहलकदमियां ली जाएंगी, उनमें देशवासियों की पुरजोर शिरकत होनी चाहिए। यह तभी संभव होगा जब परस्पर संदेह और अविश्वास के लिए कोई गुंजाइश न छोड़ी जाए।

इस संदर्भ में राष्ट्रपति द्वारा तीन तलाक और निकाह हलाला के खात्मे से जुड़ा कानून बनाने में विपक्ष से सहयोग मांगना महत्वपूर्ण है। उम्मीद करें कि इस संबंध में जो विधेयक 17वीं लोकसभा में पेश किया जाएगा, उसमें विपक्ष की आशंकाओं के लिए कोई गुंजाइश नहीं मौजूद होगी। ऐसे संवेदनशील मसलों पर जनता के हर हिस्से को विश्वास में लेकर आगे बढ़ा जाना चाहिए ताकि सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास के नारे को इसमें निहित भावना के साथ ग्रहण किया जा सके।

अब सिर्फ आधार नंबर से करें जीएसटी रजिस्ट्रेशन

नईदिल्ली (आरएनएस)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने वार्षिक रिटर्न भरने की अवधि दो महीने बढ़ाते हुए जीएसटी के लिए पंजीयन को भी सरल बना दिया है जिससे अब सिर्फ आधार नंबर की ही जरूरत पड़ेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में परिषद की शुक्रवार को यहां हुई 35वीं बैठक में ये निर्णय लिए गए। बैठक के बाद श्रीमती सीतारमण ने संवाददाताओं को यह जानकारी देते हुए कहा कि कर्नाटक, तेलंगाना और मिजोरम के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री या वित्त मंत्री इस बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। इन तीनों मुख्यमंत्रियों से उन्होंने कल रात बात की थी और उन्होंने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की वजह से इसमें आने में असमर्थता जताई थी लेकिन उनके प्रतिनिधि इसमें शामिल हुए हैं। वित्त मंत्री बनने के बाद पहली बार इस बैठक में शामिल हुई श्रीमती सीतारमण से राज्यों के वित्त मंत्रियों ने परिषद की नियमित अंतराल पर बैठक बुलाने की भी अपील की।

राजस्व सचिव अजय भूषण पांडेय ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि मुनाफाखोरी रोधी राष्ट्रीय संगठन का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसका कार्यकाल इसी वर्ष समाप्त हो रहा था। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मुनाफाखोरी करने

सालाना रिटर्न भरने की अवधि बढ़ी

वाली कंपनियों पर लगने वाले जुर्माना को भी कठोर बनाया गया है। अभी मुनाफाखोरी की राशि और 25 हजार रुपये का जुर्माना होता है लेकिन अब 30 दिनों के भीतर इस राशि को जमा नहीं कराने पर मुनाफाखोरी वाली राशि का 10 प्रतिशत हिस्सा अतिरिक्त जमा कराना होगा।

उन्होंने कहा कि जीएसटी के लिए वार्षिक रिटर्न भरने की अवधि 30 जून है जिसे बढ़ाकर 30 अगस्त 2019 कर दिया गया है। मई महीने के लिए जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि आज समाप्त हो रही है लेकिन ईवे बिल प्रणाली में कुछ खामियां आने के कारण इसकी अवधि भी दो महीने बढ़ा दी गयी है। उन्होंने कहा कि जीएसटी के लिए पंजीयन को सरल बना दिया गया है। इसके लिए पहले कई दस्तावेजों की जरूरत पड़ती थी लेकिन अब सिर्फ आधार नंबर से ही काम हो जायेगा और उसी के आधार पर ऑनलाइन पंजीयन हो जायेगा।

पेट्रोल-डीजल के दाम में बनी रही स्थिरता, कच्चा तेल उछला

नईदिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल के दाम में शनिवार को लगातार छठे दिन स्थिरता बनी रही। तेल विपणन कंपनियों ने डीजल के दाम में भी लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं किया। मगर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में इस हफ्ते आई तेजी के बाद आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी की संभावना बनी हुई है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव इस सप्ताह करीब पांच डॉलर प्रति बैरल बढ़ा है।

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ने से खाड़ी क्षेत्र से तेल की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से कच्चे तेल के दाम में तेजी आई है। बाजार के जानकार बताते हैं कि तनाव बढ़ने की सूरत में कच्चे तेल के दाम में और तेजी आ सकती है। इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में डीजल के दाम शनिवार को पूर्ववत क्रमशः 63.78 रुपये, 65.70 रुपये, 66.87 रुपये और 67.46 रुपये प्रति लीटर बने रहे।

मोर्गन ने साथियों से जोरदार वापसी का आह्वान किया

लीड्स (आरएनएस)। श्रीलंका के हाथों मिली चौंकाने वाली हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने अपने साथियों से आने वाले मैचों में जोरदार वापसी का आह्वान किया है। श्रीलंका ने आईसीसी विश्व कप के अपने छठे मैच में इंग्लैंड को 20 रनों से हराकर सबको चौंका दिया। श्रीलंका ने पहले खेलते हुए नौ विकेट पर 232 रन बनाए जबकि इंग्लैंड की टीम 212 रनों पर सिमट गई। श्रीलंका की ओर से लसिथ मलिंगा ने चार विकेट लिए।

इंग्लैंड की यह इस विश्व कप में दूसरी हार है। छह मैचों से उसके खाते में आठ अंक हैं और वह 10 टीमों की तालिका में तीसरे स्थान पर है।

किसान क्रेडिट कार्ड पर जल्द मिलेगा ब्याज-मुक्त लोन

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार खेती में उत्पादन को बेहतर करने के लिए 25 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रहा है। गुरुवार को संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपना भाषण में इस बात पर प्रकाश डाला। बता दें कि बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में वादा किया गया था कि आने वाले सालों में सरकार की कोशिश 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की है। पार्टी के एक दूसरे वादे की बात करें तो किसान क्रेडिट कार्ड पर ब्याज-मुक्त लोन देने की बात कही गई थी। उम्मीद है कि 5 जुलाई को आम बजट में इस पर मुहर लग सकती है।

कृषि मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों को पूरा करने के लिए बड़ा खर्च होना है और अंतर-मंत्रालयी कमिटी ने डबल फार्मर्स इनकम का प्रस्ताव दिया है जिसने खेती और इससे जुड़े दूसरे सेक्टरों में सुधार के लिए 13 चुनिंदा ऐक्शन पॉइंट्स सुझाए हैं।

इन 13 पॉइंट्स में पोस्ट प्रॉडक्शन ऑपरेशंस जैसे संग्रह करना, ट्रांसपोर्टेशन और वेयरहाउस के लिए अग्रीकल्चर लॉजिस्टिक सिस्टम शामिल हैं। इसके अलावा किसानों की मदद के लिए अग्री मार्केट इंटेलिजेंट सिस्टम ताकि मांग के हिसाब से फैसला ले सकें, ग्रामीण इलाकों में किसान-केंद्रित मार्केटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे ऐक्शन

पॉइंट्स भी शामिल हैं।

हालांकि, ये पॉइंट्स लॉन्ग और मीडियम टर्म लक्ष्यों को पूरा करने के लिए बनाए गए हैं। इस बीच मंत्रालय ने 100 दिन के प्लान के तहत एक समयसीमा तय करते हुए अभी जारी प्रोग्राम में तेजी लाने के लिए प्रयास किए हैं।

रिशद प्रेमजी 2020 में छोड़ सकते हैं एग्जिक्युटिव पद

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की चौथी सबसे बड़ी आउटसोर्स कंपनी विप्रो ने संकेत दिए हैं कि चेयरमैन पद के लिए नामित किए गए रिशद प्रेमजी 2020 में एग्जिक्युटिव पद छोड़ सकते हैं। बता दें कि सिक्यॉरिटीज ऐंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने यह अनिवार्य कर दिया है कि लिस्टेड कंपनियों के चेयरपर्सन, एग्जिक्युटिव पद पर नहीं रह सकते। गौर करने वाली बात है कि अजीम प्रेमजी 30 जुलाई, 2019 से कंपनी के एग्जिक्युटिव चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर की अपनी मौजूदा पोजिशन से रिटायर हो जाएंगे।

पिछले साल सेबी ने सुधार के साथ नए नियम को अनिवार्य कर दिया था। इस नियम के तहत टॉप-500 लिस्टेड कंपनियों को अप्रैल 2020 से यह सुनिश्चित करना होगा कि कंपनी के बोर्ड चेयरपर्सन एक नॉन-एग्जिक्युटिव डायरेक्टर हो।

2018-19 की अपनी सालाना रिपोर्ट में विप्रो ने कहा, जब लिस्टिंग रेगुलेशंस के नियम 17 (1बी) में सुधार के बाद यह जरूरी हो गया है कि लिस्टेड कंपनियां नॉन-एग्जिक्युटिव चेयरमैन नियुक्त करें, रिशद प्रेमजी एग्जिक्युटिव पद को छोड़ेंगे और कंपनी के नॉन-एग्जिक्युटिव डायरेक्टर के तौर पर काम करेंगे। कंपनी ने आगे कहा, रिशद प्रेमजी को कंपनी के फुल-टाइम डायरेक्टर के तौर पर 31 जुलाई, 2019 से 30 जुलाई, 2024 तक 5 साल की अवधि के लिए दोबारा नियुक्त किया जाएगा।

अगर ऐसा होता है तो करीब 74 प्रतिशत तक वोटिंग राइट्स होने के बावजूद प्रमोटर फैमिली कंपनी को चलाने में कोई भूमिका अदा नहीं कर पाएंगे।

अजीम प्रेमजी 5 साल यानी जुलाई 2024 तक कंपनी के नॉन-एग्जिक्युटिव डायरेक्टर के तौर पर कंपनी से जुड़े रहेंगे। इसके अलावा उन्हें कंपनी के फाउंडर चेयरमैन का पद भी दिया गया है।

मेसी को कुछ दिनों का ब्रेक लेना चाहिए : केम्पेस

ब्यूनस आयर्स (आरएनएस)। अर्जेंटीना के महान फुटबाल खिलाड़ी मारियो केम्पेस का करना है कि लियोनेल मेसी को अपने तथा टीम के हित में अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल से कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहिए। 1978 में विश्व कप जीतने वाली अर्जेंटीना टीम के सदस्य रहे केम्पेस ने टाइक स्पोर्ट्स से कहा, अभी जो हालात हैं, उन्हें देखते हुए मेसी को कुछ समय के लिए ब्रेक देना गलत नहीं होगा। मेसी को खुद ही इस सम्बंध में सोचना चाहिए।

अब मल्टीप्लेक्स देंगे केवल ई-टिकट, सरकार ने किया अनिवार्य

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की चोरी पर लगाम लगाने को लेकर मल्टीप्लेक्सेज के लिए इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग प्रणाली को अपनाना अनिवार्य कर दिया है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि रजिस्टर्ड मल्टीप्लेक्सेज को इलेक्ट्रॉनिक रूप से एक टैक्स इनवॉयस जारी करना होगा और इसके लिए उनके द्वारा जारी इलेक्ट्रॉनिक टिकट को टैक्स इनवॉयस माना जाएगा। सरकार के इस कदम के साथ ही सिनेप्लेक्सेज द्वारा दिए जा रहे कलर्ड टिकट अब इतिहास बन सकते हैं।

टैक्स कल्सटैंट्स का कहना है कि पीवीआर की अगुवाई वाले अधिकतर मल्टीप्लेक्स पहले से ही दर्शकों को ई-टिकट जारी कर रहे हैं और मल्टीप्लेक्सेज के सबसे बड़े खिलाड़ी के इस कदम को अधिकतर लोग आने वाले महीनों में सिंगल स्क्रीन थियेटर में भी ई-टिकटिंग व्यवस्था लागू

करने के एक संकेत के तौर पर देख रहे हैं।

जीएसटी परिषद के इस फैसले के साथ ही मल्टीप्लेक्सेज को बी2सी (बिजनस टु कंज्यूमर) बिजनसेज के लिए इलेक्ट्रॉनिक इनवॉयस एक टेस्ट केस के रूप में भी देखा जा रहा है, जो अब तक केवल बिजनस-टु-बिजनस ट्रांजैक्शंस के लिए ही जरूरी था।

डेलॉयट इंडिया पार्टनर एम. एस. मणि ने कहा, मल्टीप्लेक्सेज द्वारा प्रस्तावित ई-इनवॉयसिंग संभावित रूप से बी2सी ट्रांजैक्शंस के लिए अनिवार्य ई-इनवॉयसिंग प्रणाली की शुरुआत है। वैल्यू चेन के पूरी तरह ई-ट्रेल के लिए आने वाले समय में इसका अन्य बी2सी ट्रांजैक्शंस तक विस्तार किया जा सकता है।

टैक्स एक्सपर्ट्स बी2सी ट्रांजैक्शंस को एक लीकेज पॉइंट के तौर पर देखते हैं, क्योंकि इसमें अक्सर नकदी का भुगतान किया जाता है और ट्रांजैक्शंस पूरी तरह दर्ज नहीं होता, जिसके परिणामस्वरूप टैक्स की चोरी होती है और काला धन अस्तित्व में आता है।

आज का राशिफल

मेषः- बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। व्यवसाय में शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है।

वृषभः- आज आप अपने कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाई महसूस कर रहे हैं। एक साथ कई काम हाथ में ले लेने से ऐसा महसूस होना जरूरी भी है।

मिथुनः- काफी समय के बाद आज आपको अपने व्यक्ति गत जीवन पर सोच विचार करने की फुर्सत मिलेगी।

कर्कः- आज के दिन आपके लिए कई कार्यक्रम तैयार हैं। कार्यक्षेत्र में बहुत आज अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपके प्रमोशन के भी अच्छे योग हैं।

सिंहः- आज के दिन आपको कामकाज पर ध्यान देना पड़ेगा। भाग्य की एक रेखा आपके जीवन में खींची जा रही है।

कन्याः- आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर, धन, सम्मान, यश-कीर्ति की वृद्धि होगी। रूका हुआ कार्य सिद्ध होगा, प्रियजनों से भेंट होगी।

तुलाः- आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

वृश्चिकः- आपके जीवन में कई प्रकार के बदलाव और उतार-चढ़ाव इस दौरान आ रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ा सोच-समझकर ही कोई भी फैसला लेना चाहिए।

धनुः- किसी अधिकारी से वाद-विवाद होने पर कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। सायंकाल के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा।

मकरः- यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपको किसी अच्छे काम का गिफ्ट भी मिल सकता है। घर में आपका माहौल बहुत शांत है और यह सब आगे चलकर आपके लिए कुछ ऐसी खुशियां ला सकता है।

कुंभः- आज नए व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ऋण भार में कमी होगी। संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने का योग है। व्यर्थ व्यय से बचें।

मीनः- नई प्रॉपर्टी खरीदने की संभावना है। आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब आप जीवन में थोड़ा धैर्य और सूझबूझ से निवेश करें। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

चावल की रसमलाई बनाने की विधि...

आवश्यक सामग्री

200 ग्राम उबला बासमती चावल, 1 कप- चीनी, 1 लीटर- दूध, 1 चम्मच -केसर, 4 बड़ा चम्मच -कटे मेवे (काजू, बादाम, पिस्ता, चिरौंजी आदि),

विधि

-चावल की रसमलाई बनाने सबसे पहले चावलों को पकाकर उसे सिल या चकले से बारीक पीस लें। -फिर गैस पर कढाई या बड़े बर्तन पर दूध को उबलने के लिए रख दें। -जब तक दूध पक रहा है, तब तक आप दूसरी ओर एक कटोरी में एक बड़े चम्मच कस्टर्ड पाउडर लेकर उसे पानी में घोल लें। -दूध में उबाल आने के बाद कस्टर्ड पाउडर को दूध में डालकर कल्छी से चलाते हुए अच्छी तरह से मिलाएं। -इसके बाद 5 मिनट तक दूध उबालें, फिर शक्कर को दूध में डाल दें और चलाते हुए पकायें। -जब दूध थोडा गाढा हो जाए, तो इसमे पिसे हुए चावल के छोटे-छोटे पेड़े नुमा बना कर डाल दें।साथ ही दूध को हल्के हाथ से चलाते रहें, नहीं तो कढ़ाही की तली में दूध लग जायेगा। -दूध चलाते समय इस बात का ध्यान रखें कि पेड़े टूटने न पायें।दूध को तब तक गर्म करते रहें जब तक कि वो गाढा ना हो जाए। इसके बाद गैस को बन्द कर दें और उसे ठंडा होने दें। -जब दूध सामान्य टेम्प्रेचर में आ जाये, उसे 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। लीजिए अब आपकी स्वादिष्ट चावल की रसमलाई बनकर तैयार है।

शब्द सामर्थ्य- 3

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 02 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द	■	स	पू	त
ल	■	ब	ल	वा	न	■	■	द
म	ह	क	■	खा	म	खां	■	बी
ग्न	■	त	ल	ना	■	स	फ	र
■	म	रा	■	■	■	ना	टा	■
■	हि	■	स	■	■	■	फ	न
■	ला	ज	वा	ब	■	म	ट	र
मां	■	ग	■	सं	त	ति	■	भ
■	मा	त	ह	त	■	■	प	क्षी

सू-दोकू- 3

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.02 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6